उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

संख्या: UPPRPB-100001000(1021)-PROM-SEC दिनांक:जनवरी 08, 2024

सूचना/विज्ञप्ति

सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के पदों पर चयन वर्ष 2022 के सापेक्ष सेवायोजन हेतु टंकण परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की दिनांक 15-01-2024 को प्रस्तावित आनलाइन लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र

बोर्ड की समसंख्यक विज्ञप्ति/सूचना दिनांकित 03-12-2024 के क्रम में अवगत कराना है कि सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के पद पर चयन वर्ष 2022 की रिक्तियों के सापेक्ष सेवायोजन हेतु टंकण परीक्षा में सफल 12 अभ्यर्थियों की **दिनांक 15-01-2024 को परीक्षा केन्द्र- आयुष आनलाइन सल्यूशन, 3/180ए, विनयखण्ड, विधायकपुरम्, गोमती नगर, लखनऊ (टी0डी0 बालिका इण्टर कालेज के गेट न0-3 के विपरीत) पर प्रात: 11:00 बजे से कराया जाना प्रस्तावित है ।** अभ्यर्थियों को प्रात: 10:00 बजे परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य है।

2- अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र आज दिनांक 08-01-2024 को 13:00 बजे से बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ पर दिये गये लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर यथा स्थान अपना फोटो चस्पा कर प्रस्तावक जनपद/इकाई के कार्यालयाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करके प्रवेश पत्र में लगे फोटोग्राफ को सत्यापित एवं घोषणा पत्र को प्रतिहस्ताक्षरित कराकर लायेंगे। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु अभ्यर्थी को अपना अनुक्रमांक (Roll No) तथा जन्मतिथि (YYYYMMDD) डालना होगा। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र के साथ अपने पहचान पत्र के रूप में मूल विभागीय पहचान पत्र/आधार कार्ड/वोटर कार्ड आदि उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनिवार्य रूप से लाना होगा। अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे लिखित परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र में अंकित 'अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश' नाम शीर्षक के अन्तर्गत अंकित निर्देशों का पालन करेंगे। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी हेतु Helpline No.- 07969049949 पर 06:30 बजे से 18:30 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

3- अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे परीक्षा के दौरान अनुशासन एवं शान्ति बनाये रखेंगे तथा दिये गये समस्त निर्देशों का पालन करेंगे।

Signed by Ramakant Prasad
Date: 08-01-2024 15:14:02

अपर सचिव
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ